INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class: 8th (3rd Lang)** | **Department: Hindi** | **Date :3/8/22** |
| **Q.-Ans. & Grammar** | **Topic:** मातृभाषा की पहचान | **Note: Pl. Check with Class Work** |

**अति लघु प्रश्न-उत्तर**

प्रश्न-1- राजा कृष्णदेव राय को किस बात पर गर्व था?

उत्तर- राजा कृष्णदेव राय को अपने दरबारियों की योग्यता और विद्वता पर गर्व था।

प्रश्न-2- राजा कृष्णदेव राय ने प्रश्नवाचक मुद्रा में किसकी तरफ देखा?

उत्तर- राजा कृष्णदेव राय ने प्रश्नवाचक मुद्रा में तेनालीरामन की तरफ देखा।

प्रश्न-3- विद्वान ब्राहमण क्या कर रहे थे ?

उत्तर- विद्वान ब्राहमण विश्राम कर रहे थे।

प्रश्न-4- ब्राहमण की मातृभाषा का पता लगाने के लिए तेनाली रामन ने कितने दिन का समय माँगा?

उत्तर- ब्राहमण की मातृभाषा का पता लगाने के लिए तेनालीरामन ने तीन दिन का समय माँगा।

**लघु लघु प्रश्न-उत्तर**

प्रश्न-5- अतिथि ब्राहमण के मुख से तेनाली रामन की प्रशंसा सुनकर राजा ने क्या किया?

उत्तर- अतिथि ब्राहमण के मुख से तेनाली रामन की प्रशंसा सुनकर राजा ने अपने गले की मोतियों की माला तेनालीरामन को पहना दी।

प्रश्न-6- ब्राहमण तेनालीरामन को गले लगाते हुए क्या बोले?

उत्तर- ब्राहमण तेनालीरामन को गले लगाते हुए बोले- "आप धन्य है तेनाली रामन! आप वास्तव में कृष्णदेव राय के दरबार के बेशकीमती रत्न हैं।"

प्रश्न-7- ब्राहमण ने कृष्णदेव राय से क्या बताने का आग्रह किया?

उत्तर- ब्राहमण ने कृष्णदेव राय से पूछा कि आपके दरबारियों में से कोई बता सकता है कि मेरी मातृभाषा कौन सी है?

प्रश्न-8-दरबारी, ब्राहमण की मातृभाषा की पहचान क्यों नहीं कर पाए?

उत्तर- ब्राहमण मराठी, कोंकणी, तमिल, कन्नड़, मलयालम सभी भाषाओं में बोलते थे, इसलिए दरबारी ब्राहमण की मातृभाषा की पहचान नहीं कर पाए।

**दीर्घ लघु प्रश्न-उत्तर**

प्रश्न9- तेनालीरामन ने ब्राहमण की मातृभाषा का पता कैसे लगाया?

उत्तर- तेनालीराम ने पैर दबाने के बहाने ब्राहमण के पाँव में काँटा चुभा दिया। ब्राहमण दर्द से चीखे और तमिल भाषा में अम्मा-अम्मा पुकारने लगे। इस घटना से उन्होंने पता लगाया कि उनकी मातृभाषा तमिल है।

प्रश्न10- तेनालीरामन ने ब्राहमण से किस बात के लिए क्षमा माँगी?

उत्तर- तेनालीरामन ने ब्राहमण के पैर में काँटा चुभा दिया। वे दर्द के कारण अम्मा-अम्मा पुकारने लगे। तेनालीरामन ने काँटा चुभा कर जो अपराध किया था उसके लिए उन्होंने क्षमा माँगी ।

## भाववाचक संज्ञा

**परिभाषा:** जो शब्द किसी चीज़ या पदार्थ की अवस्था, दशा या भाव का बोध कराते हैं, उन शब्दों को **भाववाचक संज्ञा** कहते हैं।

**जैसे-** बचपन, बुढ़ापा, मिठास, उमंग, चढ़ाई, मानवता, आदि।

**प्रश्न- दिए गए शब्दों के भाववाचक संज्ञा बनाइए |**

1-मनुष्य = मनुष्यता

2-मित्र = मित्रता

3-बच्चा = बचपन

4-शत्रु = शत्रुता

5- पढ़ना = पढ़ाई

6- रोना = रुलाई

7- लड़ना = लड़ाई

8- चलना = चाल

9- स्व = स्वत्व

10- पराया = परायापन

11- अपना = अपनापन

12- निज = निजत्व

13- अच्छा = अच्छाई

14- सुंदर = सुंदरता

15- शीतल = शीतलता

16- सफल = सफलता

## सर्वनाम (Pronoun)

**परिभाषा-**जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, उन्हें सर्वनाम कहते हैं।

**सरल शब्दों में-** सर्व (सब) नामों (संज्ञाओं) के बदले जो शब्द आते हैं, उन्हें 'सर्वनाम' कहते हैं।

सर्वनाम यानी सबके लिए नाम। जैसे- मैं, तू, तुम, वह, आप, कोई, यह, ये, वे, हम, कुछ, कौन, क्या, जो, सो, उसका आदि सर्वनाम शब्द हैं।

**सर्वनाम के भेद**

सर्वनाम के छ: भेद होते हैं -

**(1)पुरुषवाचक सर्वनाम** (Personal pronoun)

**(2)निश्चयवाचक सर्वनाम** (Demonstrative pronoun)

**(3)अनिश्चयवाचक सर्वनाम** (Indefinite pronoun)

**(4)संबंधवाचक सर्वनाम** (Relative Pronoun)

**(5)प्रश्नवाचक सर्वनाम** (Interrogative Pronoun)

**(6)निजवाचक सर्वनाम** (Reflexive Pronoun)

**प्रश्न- दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम छाँटकर अलग कीजिए|**

1-**मैं** स्कूल जाऊँगा।

2-**हम** मतदान नहीं करेंगे।

3-**यह** कविता **मैंने** लिखी है।

4-बारिश में **हमारी** पुस्तकें भीग गई।

5-**मैंने उसे** धोखा नहीं दिया।

6-**तुम्हारे** पिता जी **क्या** काम करते हैं?

7-**तुमसे कुछ** काम है।

**8-उन्होंने** कमर कस ली है।

9-**वह** कल विद्यालय नहीं आया था।

10-**उन्हें** रोको मत, जाने दो।

11-**उसका** छोटा भाई आया है।

12-किशोर बाज़ार गया था, **वह** लौट आया है।

13-मोहन! आज **कोई तुमसे** मिलने आया था।

14-पानी में **कुछ** गिर गया है।

15-**जैसा** करोगे, **वैसा** भरोगे।

16-टोकरी में **क्या** रखा है?

17-बाहर **कौन** खड़ा है?

18-**वे** कल दफ़्तर नहीं गए थे।

**प्रश्न-नीचे लिखे वाक्यों के खाली स्थानों में कोष्ठक में दिए गए सर्वनामों के यौगिक रूपों को भरें|**

1. ...**उस**... लड़के का व्यवहार बहुत अच्छा नहीं है। (वह)
2. क्या **मैं** ...आपका... नाम और पता जान सकता हूँ? (आप)
3. ...**मैंने**... आपका नमक खाया है, गद्दारी कैसे करूँगा। (मैं)
4. –**मुझे** - लगता है कि वह स्टेशन पर ही ठहर गया है। (मैं)
5. ......**आपको**... इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा; बस, मैं गया और आया। (आप)
6. वही ...**तुम्हें ..** बहका रहा होगा । (तुम)
7. इस संकट की घड़ी में ...**मुझे .** साथ होना चाहिए। (मैं)
8. परीक्षा से पहले ...**तुम्हें**... ठीक से तैयारी कर लेनी चाहिए। (तुम)
9. ...**तुम्हारे** .... वकील का क्या कहना है? (तुम)
10. जोश की बात सुनते ही ...**उसकी ..** भुजा फड़कने लगी। (वह)
11. ...**उससे** .... कह देना कि अब ...**उसके** .... ताऊ नहीं रहे। (वह)
12. आज मैं ......**अपने** ... घर ही खाऊँगा। (आप)

# कारक (Case)

**परिभाषा-** संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के अन्य शब्दों के साथ उनका (संज्ञा या सर्वनाम का) संबंध सूचित हो, उसे (उस रूप को) 'कारक' कहते हैं।

**दूसरे शब्दों में-** संज्ञा अथवा सर्वनाम को क्रिया से जोड़ने वाले चिह्न अथवा परसर्ग ही कारक कहलाते हैं। जैसे - "रामचंद्र जी **ने** खारे जल **के** समुद्र पर बंदरों **से** पुल बँधवा दिया।"

**प्रश्न- दिए गए वाक्यों में से कारक छाँटकर अलग कीजिए |**

1- मोहन **ने** नारद **को** देखा और मुस्करा दिया।

2- बच्चे गाड़ियों **से** खेल रहे हैं।

3- पिताजी बच्चों **के लिए** मिठाई लाए।

4- साँप बिल **से** बाहर निकला।

5- बच्चे **का** सिर दुःख रहा है।

6 - मोहन सोहन **के** घर गया |

7- यह सुनील **की** किताब है।

8- फ्रिज **में** आम रखा हुआ है।

9 - किताब मेज **पर** रखी है |

10- **अरे बच्चों!** शोर मत करो।

**प्रश्न- रिक्त स्थानों पर उचित कारक चिह्न भरिए |**

1- रामू ---**ने** -- अपने बच्चों –**को** -- मिठाई खिलाई ।

2- पत्र –**को** -- कलम –**से--** लिखा गया है।

3- माँ अपने बच्चे ----**के लिए** --- दूध लेकर आई।

4- पृथ्वी सूर्य ---**से** --- बहुत दूर है।

5- आसमान ---**से** --- बिजली गिरती है।

6- यह सुरेश ---**की** -- बहन है।

7- यह नरेश ---**का** --- भाई है।

8- राहुल ---**के** --- पिता जी दिल्ली गए हैं|

9- --**हे --- भगवान !** बहुत बुरा हुआ।

**----धन्यवाद ----**